बिहार सरकार

**जल संसाधन विभाग**

**दिनांक–18.05.2026 को साप्ताहिक समीक्षा बैठक की कार्यवाही।**

सभी मुख्य अभियंता प्रक्षेत्र के लिए वित्तीय वर्ष 2026–27 हेतु निर्धारित उद्व्यय, अद्यतन आवंटन तथा व्यय स्थिति की समीक्षा की गई।

2. सभी क्षेत्रीय मुख्य अभियंताओं को प्राप्त आवंटन का नियमानुकूल पूर्ण व्यय शीघ्र करने का निदेश दिया गया ।

मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, बिहारशरीफ को मंडई वीयर योजना में विचलन से संबंधित प्रस्ताव शीघ्र उपलब्ध कराने हेतु निदेशित किया गया। योजना से संबंधित समस्या को मुख्यालय से संपर्क कर शीघ्र निराकरण हेतु निदेशित किया गया ।

**(कार्रवाई– सभी क्षेत्रीय मुख्य अभियंता/ अधीक्षण अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग अंचल–2/3/बाढ़)**

3. मुख्य अभियंता, यांत्रिक को विभागान्तर्गत चल रहे यांत्रिक से संबंधित कार्यो का अलग से समीक्षा करने हेतु निदेशित किया गया।

**(कार्रवाई– मुख्य अभियंता, यांत्रिक)**

4. सभी संबंधित मुख्य अभियंताओं को ऊर्जा विभाग के पदाधिकारियों के साथ समन्वय करते हुए शीघ्र ही Pole Shift करने की आवश्यक कार्रवाई करने का निदेश दिया गया । साथ ही ऊर्जा विभाग के पदाधिकारियों से प्राक्कलन प्राप्त करने एवं उनके Supervision Charge संबंधी भुगतान हेतु आवंटन प्राप्त कर शीघ्र भुगतान की कार्रवाई सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया ।

**(कार्रवाई– सभी क्षेत्रीय मुख्य अभियंता/ अधीक्षण अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग अंचल–2/3/बाढ़)**

5. विधि पदाधिकारी द्वारा प्रदर्शित किया गया कि विगत तीन सप्ताह की स्थिति के अनुसार दिनांक–02.05.2026 तक कुल 70 मामलों में, दिनांक–09.05.2026 तक कुल 69 मामलों में विभागीय स्तर से प्रतिशपथ पत्र/कारणपृच्छा दायर किया जाना लंबित रहा है।

वर्तमान सप्ताह में दिनांक–16.05.2026 तक निर्धारित मानकानुसार विभिन्न प्रकार के कुल 65 वादों में प्रतिशपथ–पत्र/ कारण पृच्छा दायर किया जाना लंबित है। वर्तमान सप्ताह में कुल 07 विभिन्न प्रकार के वाद विभाग के विरूद्ध दायर हुए है एवं कुल 11 वादों में प्रतिशपथ पत्र/कारणपृच्छा दायर किया गया है।

वर्तमान सप्ताह में लंबित 65 वादों में से निर्धारित मानकानुसार कुल 28 वाद नये है, जबकि 20 वाद मुख्यालय स्तर पर लंबित है। इसके अतिरिक्त 17 वाद मुख्य अभियंता स्तर पर लंबित है।

मुख्य अभियंता स्तर पर लंबित वादों की समीक्षा के क्रम में सभी संबंधित मुख्य अभियंताओं द्वारा लंबित वादों के संबंध में स्थिति स्पष्ट किया गया। मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, वीरपुर के स्तर पर सर्वाधिक लंबित मामलों के संबंध में उनके द्वारा सूचित किया गया कि परिक्षेत्राधीन लंबित कुल 04 वादों में से 03 वादों में कारणपृच्छा दायर कर दिया गया है। इस संबंध में उक्त की सूचना मुख्यालय को उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया।

विभागीय स्तर पर लंबित कुल 20 वादों को यथाशीघ्र निष्पादित करने का निदेश दिया गया।

**(कार्रवाई– सभी क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, जल संसाधन विभाग)**

6. विभागीय कार्यो के ससमय निष्पादन एवं दक्षता का विकास करने हेतु दिए गए सुझावों की समीक्षा/चिन्हित कर विभाग के लिए लाभकारी सुझावों को प्रस्तुत करने का निदेश दिया गया।

**(कार्रवाई– अभियंता प्रमुख, मुख्यालय/बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण/ सिंचाई सृजन/ मुख्य अभियंता ,योजना एवं मोनिटरिंग जल संसाधन विभाग)**

7. विभागान्तर्गत चल रहे कार्यो को आगामी मॉनसून एवं पश्चिमी एशिया में उत्पन्न संकट को ध्यान में रखते हुए Prioritize कर तीव्र गति से संपादित करने हेतु निदेशित किया गया।

**(कार्रवाई– सभी क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, जल संसाधन विभाग)**

अन्त में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

ह0/–
(चन्द्रशेखर सिंह)
सचिव,
जल संसाधन विभाग, बिहार

पत्रांक–1/PMC/योजना/20/2024 पटना, दिनांक–........................

प्रतिलिपि :– विकास आयुक्त, बिहार को सादर सूचनार्थ।

ह0/–
सचिव,
जल संसाधन विभाग, बिहार

पत्रांक–1/PMC/योजना/20/2024 पटना, दिनांक–........................

प्रतिलिपि :– मुख्य सचिव, बिहार, को सादर सूचनार्थ।

ह0/–
सचिव,
जल संसाधन विभाग, बिहार

पत्रांक–1/PMC/योजना/20/2024 पटना, दिनांक–........................

प्रतिलिपि :– माननीय उप मुख्य (जल संसाधन विभाग) मंत्री, बिहार के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0/–
सचिव,
जल संसाधन विभाग, बिहार

पत्रांक–1/PMC/योजना/20/2024 407 पटना, दिनांक–21/05/24

प्रतिलिपि :– सचिव, जल संसाधन विभाग, बिहार के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

21/5/24

अभियंता प्रमुख, मुख्यालय
जल संसाधन विभाग, बिहार

ज्ञापांक–1/PMC/योजना/20/2024 407 पटना, दिनांक–21/05/26

प्रतिलिपि :– अभियंता प्रमुख, मुख्यालय/ सिंचाई सृजन/ बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

21/5/26

अभियंता प्रमुख, मुख्यालय
जल संसाधन विभाग, बिहार

ज्ञापांक–1/PMC/योजना/20/2024 407 पटना, दिनांक–21/05/26

प्रतिलिपि :– श्री मनोज रमण, तकनीकी परामर्शी/ आलोक कुमार, भू-अर्जन विशेषज्ञ/ विशेष सचिव/ संयुक्त सचिव/ सभी मुख्य अभियंता/ श्री रवीन्द्र कुमार शंकर, नीतिगत मामलों के सलाहकार/श्री ईश्वर चन्द्र ठाकुर, अध्यक्ष, वाल्मी शासी पर्षद के परामर्शी/संयुक्त सचिव, अभियंत्रण/संयुक्त सचिव, प्रबंधन/ प्रधान सचिव के विशेष कार्य पदाधिकारी/ अधीक्षण अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग अंचल–1/2/3/4/बाढ़/सिंचाई/ स्थानिक अभियंता, सम्पर्क कार्यालय, नई दिल्ली/ सभी कार्यपालक अभियंता/ सभी अवर सचिव को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

21/5/26

अभियंता प्रमुख, मुख्यालय
जल संसाधन विभाग, बिहार

ज्ञापांक– 1/PMC/योजना/20/2024 407 पटना, दिनांक–21/05/26

प्रतिलिपि :– कार्यपालक अभियंता, आई0टी0, जल संसाधन विभाग, पटना को संबंधितों को ई–मेल करने एवं बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

21/5/26

अभियंता प्रमुख, मुख्यालय
जल संसाधन विभाग, बिहार